# Govt. Girls College, Sehore

## extension activities

| Name of the activity | Organising unit/ agency/ collaborating agency | Year of the a | Number of participated in such activities |
|---|---|---|---|
| Health Camp | Distt. Hospital | 2017-18 | 25 |
| Health Checkup | Distt. Hospital | 2017-18 | 150 |
| Distt. Blood Donation Camp | Distt. Hospital | 2017-18 | 21 |
| Swachhata Pakhwada | Agriculture College (NSS) | 2017-18 | 100 |
| One Day Camp | N.S.S. | 2017-18 | 50 |
| Health Awareness | Ayurved Sanstha (NSS) | 2017-18 | 60 |
| AIDS Day | Hospital (NSS) | 2017-18 | 42 |
| Vishwa Stanpan Saptah | Mahila Bal Vikas | 2018-19 | 56 |
| Voting awareness | Collector Sehore | 2018-19 | 27 |
| Nasha Mukti Workshop | Masha Mukti Kendra | 2018-19 | 37 |
| Yatayat Surksha | S.P. Sehore | 2018-19 | 40 |
| Nasha Mukti | Sankalp Sanstha (NSS) | 2018-19 | 60 |
| Yatayat Surksha | Police Vibhag Sanstha (NSS) | 2018-19 | 40 |
| AIDS Day | Hospital (NSS) | 2018-19 | 37 |
| Tree Planting | Govt. Girls College, Sehore (NSS) | 2019-20 | 40 |
| Poshan Aahar | Govt. Girls College, Sehore (NSS) | 2019-20 | 36 |
| Orientation N.S.S. | Govt. Girls College, Sehore (NSS) | 2019-20 | 84 |
| Dental Checkup | Hospital (NSS) | 2019-20 | 139 |
| One Day Camp | Govt. Girls College, Sehore (NSS) | 2019-20 | 32 |
| Polythene Free Compaign | Govt. Girls College, Sehore (NSS) | 2019-20 | 25 |
| Driving License | RTO (NSS) | 2019-20 | 379 |
| Old Age Home | Govt. Girls College, Sehore (NSS) | 2019-20 | 18 |
| AIDS Day | Hospital (NSS) | 2019-20 | 21 |
| Entrepreneurship Camp 3 Days | MPCON (NSS) | 2019-20 | 78 |
| Self-Defense Camp | Govt. Girls College, Sehore (NSS) | 2019-20 | 82 |
| Dist. Camp (7 Days) | BU Bhopal (NSS) | 2019-20 | 16 |
| Covid-19 Campaign | Govt. Girls College, Sehore (NSS) | 2019-20 | 16 |
| Envirnmental Day | Govt. Girls College, Sehore (NSS) | 2019-20 | 11 |
| Yoga Day | Govt. Girls College, Sehore (NSS) | 2019-20 | 13 |
| Ghar se jagrukta sandesh Karykarm | NSS, IQAC | 2020-21 | 45 |
| Paryawaran sanrakshan ka sandesh | NSS, IQAC | 2020-21 | 32 |
| Godgram karya ke tahat Samgri vitaran | NSS | 2020-21 | 15 |
| Vraksharopan karyakram | NSS, IQAC | 2020-21 | 18 |
| Swaichhik rakt daan shivir | Red Cross, NSS, IQAC | 2020-21 | 18 |
| Fir India cycle dod | NSS | 2020-21 | 10 |
| Vishv AIDS Divas jagarukta raili | NSS, Red Ribbon | 2020-21 | 215 |
| Madhnished sankalp (Nasha mukti karyakram) | NSS, Red Cross, Red Ribbon | 2020-21 | 36 |
| Baal sanrakshan saptah | NSS | 2020-21 | 38 |
| Mahila Divas par webinar avam pratiyogita | NSS, IQAC | 2020-21 | 85 |
| Baal sanrakshan club purskar vitaran | NSS, Red Ribbon, IQAC | 2020-21 | 14 |
| Cancer Jagarukta Shivir | NSS, Red Cross | 2020-21 | 53 |
| Chhatro ko di POCSO act ki jankari | NSS | 2020-21 | 22 |
| Mahilao ke viruddh apradho ki roktham abhiyan | NSS | 2020-21 | 36 |
| Ghar se hi diya Yog ka sandesh | NSS | 2020-21 | 19 |
| NSS Sthapna Divas | NSS | 2020-21 | 25 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Nari surksha ke liye sanchalit yojnao par prashn manch spardha | NSS | 2020-21 | 26 |
| Vaccine Awareness Rally against Covid-19 | NSS | 2021-22 | 20 |
| Vaccination Program | NSS | 2021-22 | 16 |
| Tree Plantation Program | NSS | 2021-22 | 25 |
| Corona Vaccination Campaign | NSS | 2021-22 | 10 |
| Drug de-addiction Program | NSS | 2021-22 | 15 |
| Online Program On: Prevention of Malaria | NSS | 2021-22 | 30 |
| National Nutrition Month Program | NSS | 2021-22 | 15 |
| Virtual Awareness Workshop On: Cyber Crime | NSS, IQAC | 2021-22 | 25 |
| Awareness Program On: Environmental Protection | NSS | 2021-22 | 75 |
| NSS Foundation Day | NSS | 2021-22 | 14 |
| Development of personality of the student through social service | NSS | 2021-22 | 50 |
| Street plays on prohibition | NSS | 2021-22 | 12 |
| Best out of waste competition under clean India program | NSS | 2021-22 | 14 |
| Clean India Program | NSS | 2021-22 | 18 |
| AIDS awareness rally | NSS | 2021-22 | 20 |
| Clothing Donation Program | NSS | 2021-22 | 10 |
| Street play on omicron variant | NSS | 2021-22 | 8 |
| Orientation program of NSS | NSS | 2021-22 | 20 |
| National Youth Day | NSS | 2021-22 | 30 |
| Clothing, Mask donation program | NSS | 2021-22 | 10 |
| Tree plantation program | NSS | 2021-22 | 12 |
| National Voters Day | NSS | 2021-22 | 21 |
| Health Camp | NSS | 2021-22 | 80 |
| Workshop On: Pocso Act | NSS | 2021-22 | 15 |
| Street plays of empower daughters | NSS | 2021-22 | 13 |
| Rally to stop female feticide | NSS | 2021-22 | 34 |
| International Women’s Day program | NSS | 2021-22 | 38 |
| Program on World Forest Day | NSS | 2021-22 | 36 |
| Sanitary Pad Manufacturing Training and Awareness program | NSS | 2021-22 | 12 |
| Poster making competition on World Malaria Day | NSS | 2021-22 | 6 |
| staying fit symbolizes the significance of amrit mahotsav | NSS | 2021-22 | 18 |

डाक्टर जाँच करते हुए (22.8.17)





# नवदुनिया सिटी

आष्टा–नसरुल्लागंज–इछावर–बुधनी

भोपाल, शनिवार 02 दिसंबर 2017


## नुक्कड़ नाटक में बताया एड्स के खतरे से कैसे बचें

### विश्व एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली, कार्यशाला का आयोजन

सीहोर। नवदुनिया प्रतिनिधि

1 दिसंबर 2017 को विश्व एड्स दिवस पर जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली ट्रामा सेंटर, जिला चिकित्सालय सीहोर से रवाना होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर पहुंची जहां एड्स नियंत्रण व जनजागरूकता, बचाव पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके साथ ही तहसील चौराहा, लीसा टॉकीज चौराहा व जिला चिकित्सालय चौराहा पर नुक्कड़ नाटक माध्यम से एड्स जागरूकता का संदेश दिया गया। जनजागरूकता रैली को जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. पदमाकर त्रिपाठी, सिविल सर्जन डॉ. एए कुरैशी तथा उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य रवीन्द्र बांगरे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग सहित शासकीय चंद्रशेखर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनजीओ स्वामी चैतन्य महाप्रभु शिक्षा समिति, पीपीटीसीटी, प्लान इंडिया के पदाधिकारी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीआर अहिरवार ने बताया कि शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, महाविद्यालय एवं उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं की विशाल रैली को ट्रामा सेंटर से हरी झंडी दिखाकर डॉ. जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. पदमाकर त्रिपाठी व सिविल सर्जन डॉ. एए कुरैशी व प्राचार्य रवीन्द्र बांगरे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर एक जनजागरूकता, एड्स से बचाव व उपचार, सावधानियों से संबंधित कार्यशाला का आयोजन भी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर में किया गया। संगोष्ठी में जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. त्रिपाठी सहित प्राचार्य रवीन्द्र बांगरे, उत्कृष्ट विद्यालय के एनएसएस प्रभारी डीके राय, एनसीसी प्रभारी अशोक राठौर, पीजी कॉलेज कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर देवेन्द्र बरवड़े, कन्या महाविद्यालय से एनएसएस प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जिला मीडिया समन्वयक शैलेश कुमार ने हिस्सा लिया।



सीहोर। नुक्कड़ नाटक माध्यम से एड्स जागरूकता का संदेश देते हुए।

#### एनएसएस इकाई ने प्रस्तुत किया नाटक

शासकीय पीजी कॉलेज सीहोर की एनएसएस इकाई द्वारा कोतवाली चौराहा लिसा टॉकीज चौराहा व तहसील चौराहा पर नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुती देकर आम लोगों को एड्स से बचाव व जागरूकता की जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक दल में पीजी कॉलेज के छात्र मोहित विश्वकर्मा, जया नाथ, कलावती जाटव, शिवानी माहेश्वरी, नीलम गौर, निकिता रघुवंशी, सुनील भारती, अभिषेक मालवीय, जूही परमार, तनु, रजनी, प्रियंका, अंकिता, शिल्पा, विनोद, देवराज एवं कुमार रानी ने लाजवाब प्रस्तुति एड्स जनजागरूकता पर दी।


mp.patrika.com

पत्रिका . शनिवार . 09.12.2017


लालिमा दिवस...

## बताए एनीमिया से बचाव के तरीके

### शासकीय कन्या महाविद्यालय में किया गया कार्यक्रम आयोजित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

patrika.com

सीहोर. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से लालिमा दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय प्रताप सिंह के ने की।



कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं की विजेता छात्रों को किया पुरस्कृत।

जिला न्यूट्रीशन कोऑर्डिनेटर सुनिल कटारे द्वारा लालिमा योजना अंतर्गत एनीमिया के कारण, लक्षण, प्रभाव एवं बचाव के विषय पर जानकारी दी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा एनीमिया से बचाव के लिए घर में आसानी से उपलब्ध खाद्य सामग्री से निर्मित लालिमा थाली की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण हेतु डॉ. अमित राजवानी एवं डॉ. मशिरा द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें 50 से अधिक छात्राओं एवं अन्य स्टॉफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं एनीमिक छात्राओं को 01 माह के लिए आयरन की गोलियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में लालिमा योजना के संबंध में क्विज आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं विजेता छात्राओं को पुरुस्कार दिए गए। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण दूर करने हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। प्राचार्य सुमन तनेजा एवं सहायक संचालक गौतमी गोलाइत ने कार्यक्रम में मार्गदर्शन दिया गया। परियोजना अधिकारी मोहन रैकवार, परियोजना अधिकारी अर्चना वाजपेयी एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी रोहित सिंह कौरव द्वारा कार्यक्रम में समन्वय किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की रासेयो अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री दल नायक छात्रायें शंकुतला मीणा, नेहा पाटीदार, रितिका नरोदिया का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

mp.patrika.com
पत्रिका . गुरुवार . 08.02.2018

कार्यशाला...

# 'रक्तदान कर समय पर बचाई जा सकती है किसी की जान'

## कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

सीहोर. रेड रिबन क्लब के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रक्तदान करने प्रेरित किया गया। वहीं अन्य बीमारियों के लक्षण के बारे में बताया गया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कन्या महाविद्यालय में रेड रिबन के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर पद्माकर त्रिपाठी, कॉलेज प्राचार्य सुमन तनेजा सहित छात्राएं उपस्थित थी। इस दौरान डाक्टर त्रिपाठी ने रक्तदान करने के फायदे बताए,उन्होंने कहा कि किस तरह रक्तदान करने से खुद को स्वस्थ रखने के साथ दूसरों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने टीबी जैसी गंभीर बीमारी के बारे में भी जानकारी दी गई।

एड्स जैसी जानलेवा बीमारी के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था। एड्स विषय पर निबंध में अश्विनी पवार प्रथम, शकुंतला मीणा व रूकमणि राठौर द्वितीय, नेहा मालवीय, विद्या मीणा, सुलोचना मेवाड़ा तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन में शकुंतला मीणा प्रथम, सुलोचना द्वितीय, आरती वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। इसी तरह अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया।



रेड रिबन कार्यशाला में पुरस्कार का हुआ वितरण।

6.4.18

आयुर्वेद संस्था द्वारा व्याख्यान






नवदुनिया 15
भोपाल, शनिवार 04 अगस्त 2018

# विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत गर्ल्स कॉलेज में हुआ सेमिनार



सीहोर। गर्ल्स कॉलेज में आयोजित सेमिनार में छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए।

सीहोर। महिला एवं बाल विकास द्वारा 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। दूसरे दिन शुक्रवार को कन्या महाविद्यालय में सेमिनार और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन आयुक्त महिला एवं बाल विकास डॉ. अशोक कुमार भार्गव की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक भोपाल स्वर्णिमा शुक्ला, संयुक्त संचालक संचालनालय भोपाल सुरेश सिंह तोमर एवं महाविद्यालय की प्राचार्य सुमन कंजा विशेष रूप से मौजूद रहीं। आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आयुक्त ने स्तनपान के महत्व एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में इसके योगदान तथा विभाग द्वारा स्तनपान के विषय में जागरूकता के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. नीरा श्रीवास्तव ने स्तनपान के तरीके, समय, स्थिति के विषय पर व्याख्यान दिया। पेंटिंग, निबंध लेखन, नारे लेखन, रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। पेंटिंग में सुरभी चौरसिया, नारे लेखन में रिचा नामदेव, निबंध में निधि राजौरिया, रंगोली में मेघा व स्वेता तथा क्विज में किरण अहिरवार, स्वाति चंद्रवंशी, मेघा जाट की टीम को प्रथम पुरस्कार दिया।

विश्व स्तनपान सप्ताह पोस्टर प्रतियोगिता






दैनिक भास्कर

भोपाल, गुरुवार 21 जून, 2018 | 16

# नियमित योग करने से स्वास्थ्य के साथ याददाश्त भी बढ़ती है, चश्मा नहीं लगता

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय योग विषय पर हुई कार्यशाला

भास्कर संवाददाता | सीहोर



शासकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर योग प्रशिक्षक विनोद कौशल ने कहा कि नियमित योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ तो रहता ही है। साथ ही याददाश्त भी बढ़ती है। योगासन के माध्यम से हम आंखों की रोशनी भी बढ़ा सकते हैं। इससे चश्मा भी नहीं लगेगा।

गर्ल्स कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योग विषय पर व्याख्यान एवं परिचर्चा आयोजित की गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। योग प्रशिक्षक श्री कौशल ने यम, नियम, प्राणायाम, धारण आदि को विस्तार से बताया।

साथ ही योग से होने वाले समस्त लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने व अलग-अलग योगासन से मानव शरीर में में कई लाभ होते हैं। योग से याददाश्त बढ़ना, आंखों से चश्मा उतरना, नियमित दिनचर्या होना व व्यक्ति इससे स्वस्थ रहता है। इस मौके पर छात्राओं में शकुंतला मीणा, विद्या मीणा, नेहा परमार, अश्विनी ने योग से संबंधित प्रश्न भी पूछे।

अंत में श्री कौशल ने समस्त स्टॉफ और छात्राओं को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी रवि बिरहा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री आदि उपस्थित थीं।

सेमीनार (20.6.18)





योग दिवस (21.6.18)





सीहोर जिला हरिभूमि 12

भोपाल, बुधवार 21 नवंबर 2018
haribhoomi.com

# मतदाता जागरूकता को लेकर छात्राओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

विधानसभा निर्वाचन-2018 में जिले के अधिक से अधिक मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण कुमार पिथोड़े के निर्देशानुसार स्वीप के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली।



सीहोर। मतदान जागरुकता के लिए रैली निकालती छात्राएं।

रैली के दौरान महिला मतदाताओं को उनके मताधिकार का महत्व बताते हुए समझाया गया कि उनका एक-एक वोट निर्णायक होता है। इसलिए सभी मतदाताओं को बिना किसी दबाव, लोभ या लालच के स्वविवेक से निर्णय लेकर नैतिक मतदान करना चाहिए। लगातार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूक अभियान चलाया जा रहा है।

छात्राएँ संकल्प पत्र भरवाते हुए एवं जानकारी देते हुए






16 नवदुनिया
भोपाल, गुरुवार 07 फरवरी 2019

**सड़क सुरक्षा** सड़क सुरक्षा के तहत लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी

# रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

सीहोर। नवदुनिया प्रतिनिधि

एसपी राजेश सिंह चंदेल, एएसपी समीर यादव, आरआई दीपक पाटिल के सहयोग और यातायात प्रभारी सीहोर देव नारायण पांडे के मार्गदर्शन में आवासीय विद्यालय प्राचार्य आलोक शर्मा, कौशल विकास केंद्र सीहोर के सहयोग से, देवास भोपाल कोरीडोर प्रलि राष्ट्रीय राजमार्ग के कर्मचारियों द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए रैली निकालकर लोगों को जागरुक किया गया। रैली की शुरुआत भोपाल चौराहा से एसपी राजेश सिंह चंदेल ने हरी झंडी दिखा कर की। इस दौरान चार पहिया वाहन चालकों , बाइक चालकों ,युवाओं, ग्रामीणों और शहरी लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया। भोपाल देवास हाईवे के फिरोज खान, उमा शंकर पांडे और यातायात प्रभारी सीहोर देव नारायण पांडे ने हाईवे पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी उपस्थित लोगों से गति सीमा का ध्यान रखने, सही समय और सही जगह पर ओवर टेक करने के निवेदन के साथ बताया की हमारा फर्ज है कि लोगों को दुर्घटना के शिकार होने से बचाएं। महाप्रबंधक किरन बाबू, आशीष थीटे ने बताया की कम्पनी का उद्देश्य लोगों को मानव जीवन मुल्य व यातायात नियमों के प्रति जागरुक करना है, ताकि आम जन हेल्मेट, सीटबेल्ट, गतिसीमा, ओवर टेक, मोबाइल पर बात न करें, बाईक पर तीन सवारी न बैठाएं, रात्रि में डीपर का प्रयोग करने आदि यातायात नियमों का महत्व समझे। जिससे आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके । सड़क सुरक्षा सप्ताह के मौके पर वरिष्ठ चिकित्सहित बड़ी संख्या में एनसीसी के कैडेटस मौजूद थे।


सीहोर। जागरूकता रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया।

यातायात सुरक्षा रैली






नशा मुक्ति पर व्याख्यान






कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in
वेब :www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html

दिनांक 01/12/2018

# //प्रेस विज्ञप्ति//
# रेड रिबन लगाकर मनाया एड्स दिवस

आज दिनांक 01.12.2018 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम छात्राओं ने माननीय जिलाधीश श्री तरूण पिथौड़े जी, एस.डी.एम. श्री वरूण अवस्थी जी, जनपद पंचायत C.O. श्री दिलीप जैन जी, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा, जिला संगठक रासेयो श्री राजेश बकोरिया एवं महाविद्यालय के स्टॉफ को रेड रिबन लगाकर एड्स जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य ने एड्स विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षा एवं जानकारी ही इसका उपचार है। उन्होने इसके फैलने के कारण तथा बचाव के तरीकों को बताते हुए जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय से भोपाल नाका, इंग्लिशपुरा, कलेक्ट्रेट, पी.जी.कॉलेज होते हुए वापस आयी। छात्राओं ने रैली के दौरान फल, सब्जी विक्रेता, दुकानदारों एवं युवा वर्ग को पेम्फलेट्स देकर एड्स जागरूकता अभियान चलाया। सम्पूर्ण कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, सहायक डॉ. प्रतिभा सोनी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इसमें पूजा मेवाड़ा, आरती मालवीय, पूर्वी ठाकुर, सोनाली चौहान, तनु परिहार, संजना गड़ोदिया, सुलोचना, निधि राजेशिया, शैलजा कुशवाहा, शिवानी सेन, अंजली, आरती वर्मा, निकिता वर्मा, करिश्मा, पूजा गौर आदि को विशेष सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, निबंध, स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा।

एड्स जागरूकता पेम्फलेट्स देते हुए






पत्रिका PLUS

SEHORE, FRIDAY 04/01/2019 { 10

ANCHOR

## बाहर की सफाई के साथ-साथ आंतरिक सफाई के महत्व को भी बताया

# कॉलेज गर्ल्स के स्वच्छता अभियान से परिसर क्लीन





सीहोर ● शासकीय कन्या कॉलेज की छात्राओं ने स्वच्छता को लेकर अभियान चलाया। उनके प्रयासों से कॉलेज परिसर में चमक उठा। परिसर में गंदगी न हो इसके लिए उन्होंने कॉलेज में डस्टबिन का भी निर्माण कराया। कॉलेज गर्ल्स की इस अभिनव पहल की सराहना की जा रही है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सुशासन सप्ताह का आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य ने छात्राओं को सुशासन दिवस की शपथ दिलाते हुए देश के प्रति निष्ठावान व समर्पण की भावना को रखने का संदेश दिया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा सफाई अभियान चलाया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजरी अग्निहोत्री एवं क्रीड़ा अधिकारी रवि विरहा ने छात्राओं को स्वच्छता से होने वाले फायदे को बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ तन में ही स्वच्छ मन का निवास होता है तथा बाहर की सफाई के साथ-साथ आंतरिक सफाई के महत्व को भी बताया। इसी सप्ताह के अंतर्गत छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण संबंधी डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई। इसमें डॉ. राजेश बकोरिया, डॉ. प्रतिमा खरे ने छात्राओं को जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण को विस्तार से समझाते हुए कहा है कि इस संरक्षण की शुरूआत स्वयं से ही होनी चाहिए। यदि हम स्वयं जल, ऊर्जा, पेड़ आदि का संरक्षण करेंगे तभी दूसरों को भी प्रेरित कर अपनी प्रकृति को बहुत बड़े नुकसान से बचा सकते हैं। छात्रा पूजा मेवाड़ा, शैलजा, मोनिका व्यास, रिचा, आरती मालवीय, तनु परिहार, करिश्मा सोनाली चौहान आदि छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

स्वच्छता अभियान (सुशासन सप्ताह)





अनुशासन दिवस पर शपथ



पर्यावरण संरक्षण पर फिल्म



भोपाल, शनिवार 9 दिसंबर 2017
haribhoomi.com

# कन्या महाविद्यालय में लालिमा दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से लालिमा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय प्रताप सिंह द्वारा की गई। प्राचार्य सुमन तनेजा एवं सहायक संचालक गौतमी गोलाईत द्वारा कार्यक्रम में मार्गदर्शन दिया गया।

परियोजना अधिकारी मोहन रैकवार, परियोजना अधिकारी अर्चना वाजपेयी एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी रोहित सिंह कौरव द्वारा कार्यक्रम में समन्वय किया गया। जिला न्यूट्रीशन कॉडिनेटर सुनिल कटारे द्वारा लालिमा योजना अंतर्गत एनीमिया के कारण, लक्षण, प्रभाव एवं बचाव के विषय पर जानकारी दी। आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा एनीमिया से बचाव के लिये ''लालिमा थाली'' की प्रदर्शनी लगाई गई। डॉ. अमित राजवानी एवं डॉ. मशिरा द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। एनीमिक छात्राओं को आयरन की गोलियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में रासेयो अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री दल नायक छात्रायें शंकुतला मीणा, नेहा पाटीदार, रितिका नरोदिया का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में ईसीसीई कॉडिनेटर प्रतिभा वंशकार, पर्यवेक्षक सीमा शर्मा, नीलम शर्मा, श्रद्धा मेहता एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रक्त जाँच एवं स्वास्थ्य परीक्षण
8.12.17







10.12.17

# स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन



सीहोर। शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में किया गया। जिला संगठक रासेयो सीहोर डॉ. राजेश बकोरिया के मार्गदर्शन में शिविर लगाया गया। इस शिविर में शासकीय गर्ल्स कॉलेज, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, महात्मा गांधी महाविद्यालय, सत्यसांई विश्वविद्यालय के 26 स्वयं सेवकों ने रक्तदान कर जागरूकता का संदेश दिया। रक्तदान करने वालों में सौरभ शर्मा, अंकित सूर्यवंशी, विभोर चौकसे, महिमा ठाकुर, निधि सिसोदिया, रानी वर्मा, राहुल स्वराष्ट्रीय, रिषभ मिश्रा, योगेश बनवारी, नरेंद्र वर्मा, अरुण खेलवाल, पंकज कुमार, सागर प्रजापति, अभिषेक मालवीय, शकुंतला मीणा, सुलोचना, योगेश महेश्वरी, सुनील भारती, नीलम गौर, रितिका, जया नाथ, उत्तम दास, मोहित विश्वकर्मा, डॉ. राजेश बकोरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, डॉ. देवेंद्र बरखड़े ने भी रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त 5 लोगों ने भी रक्तदान कर शिविर में सहयोग प्रदान किया। संपूर्ण शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना जिला सीहोर दल नायक मोहित विश्वकर्मा एवं शकुंतला मीणा के नेतृत्व में हुआ। जिला अस्पताल की ओर से डॉ. पदमाकर त्रिपाठी, डॉ. पीएस आर्मो, भारती पठारिया, डीएस परमार, धर्मेंद्र मालवीय, अंबर मालवीय ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## 26 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान



सीहोर। शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में जिला संगठक रासेयो सीहोर डॉ.राजेश बकोरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस शिविर में शासकीय कन्या महाविद्यालय, चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, महात्मा गांधी महाविद्यालय, सत्यसांई विश्वविद्यालय के 26 स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर जागरुकता का संदेश दिया।

जिला स्तरीय रक्तदान शिविर
(9.12.18)




रक्तदान करते महा० की छात्रा



mp.patrika.com
पत्रिका . गुरुवार . 08.02.2018

कार्यशाला...

# 'रक्तदान कर समय पर बचाई जा सकती है किसी की जान'

## कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

सीहोर. रेड रिबन क्लब के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रक्तदान करने प्रेरित किया गया। वहीं अन्य बीमारियों के लक्षण के बारे में बताया गया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कन्या महाविद्यालय में रेड रिबन के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर पदमाकर त्रिपाठी, कॉलेज प्राचार्य सुमन तनेजा सहित छात्राएं उपस्थित थी। इस दौरान डाक्टर त्रिपाठी ने रक्तदान करने के फायदे बताए।उन्होंने कहा कि किस तरह रक्तदान करने से खुद को स्वस्थ रखने के साथ दूसरों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने टीबी जैसी गंभीर बीमारी के बारे में भी जानकारी दी गई।

एड्स जैसी जानलेवा बीमारी के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था। एड्स विषय पर निबंध में अश्विनी पवार प्रथम, शकुंतला मीणा व रूकमणि राठौर द्वितीय, नेहा मालवीय, विद्या मीणा, सुलोचना मेवाड़ा तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन में शकुंतला मीणा प्रथम, सुलोचना द्वितीय, आरती वर्मा तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया।



रेड रिबन कार्यशाला में पुरस्कार का हुआ वितरण।

डॉ. त्रिपाठी द्वारा व्याख्यान 8.2.18



7.2.18



# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in

वेब. :ggdcsehore/index.html


## प्रतिवेदन

### घर में रहकर ही चलाया जागरूकता कार्यक्रम

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में रासेयो स्वयं सेवको द्वारा घर पर ही रहते हुए लॉकडाउन का पूर्ण पालन करके कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वयंसेवको द्वारा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मंजरी अग्निहोत्री एवं जिला संगठक डॉ.राजेश बकोरिया के मार्गदर्शन में आरोग्य सेतु ऐप को डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया। इसके तहत स्वयं सेवको ने मोबाइल के माध्यम से ही अपने परिवार वालो एवं आसपास के लोगो को भी इस एप को डाउनलोड करने की सलाह देते हुए एप के महत्व को भी बताया। इसके साथ ही छात्राओ द्वारा पोस्टर बनाकर व्हाट्सएप के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्लोगन के माध्यम से छात्राऍं घर मे रहें, सुरक्षित रहें का संदेश भी दे रही है। छात्राओं द्वारा यू–ट्यूब के माध्यम से घर पर ही मास्क बनाने की प्रकिया को भी शेयर किया जा रहा है। संपूर्ण जागरूकता अभियान दलनायक सुलोचना मेवाड़ा, उपदलनायक प्रिया धाड़ी, रोशनी मालवीय मुस्कान गर्ग, ज्योति गौर, गायत्री मेवाड़ा, शालिनी, मधु मीणा, सितारा, पूजा सेन, शैफाली मिथोला आदि स्वयंसेवको द्वारा सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। सभी छात्राऍं बधाई की पात्र है।

14

# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in

वेव. :ww.mp.gov.in/highereducation/ggdcsehore


## "प्रतिवेदन"

## घर से ही वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

शा. कन्या महाविद्यालय सीहोर की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा अपने घर गॉव व आस पास के इलाकों मे वृक्षारोपण किया गया। कोविड –19 की इस महामारी के दौर में सोशल डिसटेंसिग का पालन करते हुए इस वर्ष छात्राओ ने अपने निवास स्थान, खेतो एंव आवश्यक स्थान को वृक्षारोपण के लिए चुना तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु अपना योगदान दिया। स्वयं सेवको द्वारा आम, अमरूद, पीपल, जामुन, सप्तपर्णी, नीम, कनेर, आदि के पौधे लगाये गये तथा उनकी सुरक्षा का संकल्प लेकर उन्होने अपने प्रकृति प्रेम का परिचय दिया। छात्राओ ने अपने खेतो में साफ सफाई का काम करते हुए स्वच्छता एंव पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। समस्त कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। इसमे सुलोचना , रोशनी मालवीय, पूजा सेन, दीपा दांगी, गायत्री मेवाड़ा, राधिका विश्वकर्मा, पूजा कुशवाहा, प्रिया धाड़ी, भावना व्यास, अर्चना परमार आदि स्वंयसेवका का विशेष सहयोग रहा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने छात्राओ के इन अभिनव पहल की खुब प्रशंसा की।

**डॉ. मंजरी अग्निहोत्री**
**कार्यक्रम अधिकारी**
**(रासेयो/रेड रिबन क्लब)**

**डॉ. सुमन तनेजा**
**(प्राचार्य)**

12

कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
दूरभाष एवं फेक्स :— (07562)224706 ई—मेल:—heggcseh@mp.gov.in
वेव. :ggdcsehore/index.html

दिनांक 17/09/2020

## //प्रतिवेदन//

## गोदग्राम में स्वच्छता अभियान के साथ कुपोषित बच्चों को सामग्री वितरित

आज दिनांक 17.092020 को शासन के आदेशानुसार शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर गोद ग्राम पचामा में कुपोषित बच्चों को रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, स्वयंसेवक पूर्वी ठाकुर, एवं प्राची ठाकुर के द्वारा 6 बच्चों को केला, पारले – जी, एवं भुने चनों का वितरण किया गया। साथ ही कोविड – 19 के इस महामारी के दौर में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए रासेयो स्वयंसेवको ने घर मोहल्ले के आस पास सफाई करके स्वच्छता का भी संदेश दिया। स्वयंसेवको ने इस अवसर पर वृक्षारोपण कर घर से ही पर्यावरण के महत्व को समझाया। संपूर्ण कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ तथा इसमें पूजा सेन, दीपा दांगी, राधिका विश्वकर्मा, पूर्वी ठाकुर, रोशनी मालवीय, दीपिका सेन आदि का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा एवं जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया द्वारा सभी को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई।



11

I

14 भोपाल, शुक्रवार 18 सितंबर, 2020

न्यूज गैलरी

## कुपोषित बच्चों को बांटी सामग्री

सीहोर। गुरुवार को शासन के आदेशानुसार शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गोद ग्राम पचामा में कुपोषित बच्चों को रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, स्वयंसेवक पूर्वी ठाकुर, प्राची ठाकुर के द्वारा 6 बच्चों को केला, पारले-जी व भुने चनों का वितरण किया गया। साथ ही कोविड 19 के इस महामारी के दौर में शारीरिक दूरी का पालन करते हुए रासेयो स्वयंसेवकों ने घर मोहल्ले के आसपास सफाई करके स्वच्छता का भी संदेश दिया। स्वयंसेवकों ने इस अवसर पर पौधारोपण कर घर से ही पर्यावरण के महत्व को समझाया। संपूर्ण कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ तथा इसमें पूजा सेन, दीपा दांगी, राधिका विश्वकर्मा, पूर्वी ठाकुर, रोशनी मालवीय, दीपिका सेन आदि का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा व जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया द्वारा सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

भोपाल, शुक्रवार 18 सितंबर 2020
haribhoomi.com

खबर संक्षेप

## कुपोषित बच्चों को सामग्री वितरित

सीहोर। शासकीय कन्या कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गोद ग्राम पचामा में कुपोषित बच्चो को रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, स्वयंसेवक पूर्वी ठाकुर, एवं प्राची ठाकुर के द्वारा 6 बच्चों को खाद्य सामग्री का वितरण किया। इसमें पूजा सेन, दीपा दांगी, राधिका विश्वकर्मा, पूर्वी ठाकुर, रोशनी मालवीय, दीपिका सेन का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा एवं जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया द्वारा सभी को बधाई दी।

# कन्या महाविद्यालय में रासेयो के स्थापना दिवस पर छात्राओं ने परिसर में रोपे पौधे

सीहोर | शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बीच छात्राओं व शिक्षकों ने कॉलेज परिसर में पौधे [illegible] गए।

राष्ट्रीय सेवा योजना के 51वें स्थापना दिवस पर प्राचार्य डॉ. प्राचार्य [illegible] तनेजा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोविड-19 के चलते सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया गया। रासेयो स्वयं सेवकों ने भी अपने घरों में रहकर पौधे लगाए। स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर जिला संगठक रासेयो डॉ. राजेश बाकोरिया, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, पूर्व जिला संगठक रासेयो डॉ. सुधा लाहोटी, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. जया शर्मा, पूर्व छात्र संघ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे, क्रीड़ा अधिकारी रवि चिरहा, भारती सक्सेना आदि उपस्थित थे।



हरिभूमि
# सीहोर भूमि
भोपाल, गुरुवार 8 अक्टूबर 2020
सीहोर | नसरुल्लागंज | रेहटी | इछावर | बुधनी | श्यामपुर | शाहगंज | जावर | दुराणपुर

## रक्तदान किया गया

सीहोर। शासकीय कन्या कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस एवं महात्मा गांधीजी की जयंती पर गतिविधि पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसके तहत छात्राओं ने स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से आयोजित जिला स्तरीय रक्तदान शिविर में महाविद्यालय की दो छात्राओं अनुष्का साहू एवं रोशनी मालवीय द्वारा रक्तदान किया।

हरिभूमि - 17.3.21

I

मार्च 2021

### शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बताया गया कुर्बान हुए 356 शहीद

# दांडी मार्च की वर्षगांठ पर निकाली साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

च्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव दांडी मार्च की वर्षगांठ पर शासकीय गर्ल्स कॉलेज में प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में साइकिल रैली निकाली गई। मंगलवार को सुबह 11 बजे कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली कॉलेज से कलेक्ट्रेट, बस स्टैंड होते हुए शहीद स्मारक पर जाकर पहुंचकर समाप्त हुई। शौर्य स्मारक पर जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. राजेश नकोरिया ने सीहोर जिले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका को बताया।

भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. अनूप सिंह, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, शिवम सक्सेना, बृजेश विश्वकर्मा ने भी शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए यहां पर कुर्बान हुए 356 शहीदों को नमन किया तथा उनकी कुर्बानी के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। उपस्थित सभी छात्राओं ने श्रद्धांजलि दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने शहीदों को नमन करते हुए रैली में सहभागी समस्त स्टाफ एवं छात्राओं का आभार माना। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 12 मार्च 2021 को वेबिनार का भी आयोजन किया गया था। जिसमें कॉलेज स्टाफ एवं छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए थे। कार्यक्रम प्रभारी राम विकास प्रजापति के मार्गदर्शन में संपन्न किया।



### विद्यार्थियों को दी दांडी मार्च यात्रा के बारे में जानकारी

इछावर। शासकीय कॉलेज इछावर में मध्यप्रदेश शासन मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के मंगलवार को साइकिल रैली दांडी मार्च की वर्षगांठ पर निकाली गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आरसी गरवाल ने हरी झंडी दिखाकर दांडी मार्च में शामिल विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों की साइकिल और पैदल यात्रा का प्रारंभ शासकीय कॉलेज से शुरू होकर ऐतिहासिक स्थल पुरानी तहसील की गढ़ी जहां कभी ऐतिहासिक किला हुआ करता था। यहां से विलीनीकरण आंदोलन की शुरुआत इछावर नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने की थी तक और नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थित शहीद स्तंभ तक रैली निकाली गई। इसके पश्चात प्रोफेसर एसी राठौर ने दांडी मार्च की वर्षगांठ पर महात्मा गांधी की दांडी मार्च यात्रा का उद्देश्य, यात्रा की दूरी, दांडी मार्च में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की संख्या और यात्रा की अवधि पर विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी दी। रैली का समापन शहीद स्थल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इछावर में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं रामनारायण, विजेंद्र मालवीय, शिवानी वर्मा, बनारस ने विशेष योगदान दिया। कॉलेज के शिक्षक प्रोफेसर राठौर, शरद मेश्राम, कल्याणी परमार, दीप्ति चौरसिया, नेहा मालवी उपस्थित थे। आभार श्री मेश्राम ने माना।

2

दैनिक भास्कर

# रैली निकाल एड्स के प्रति लोगों को किया जागरूक

भास्कर संवाददाता|सीहोर

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला चिकित्सालय के सहयोग से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली को सिविल सर्जन डॉ. आनंद शर्मा, जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. जागेश्वर दयाल कोरी ने हरीझंडीदिखाकररवानाकिया। रैलीमेंमहाविद्यालय की रासेयो दलनायक अनुष्का राय सहित अन्य स्वयं सेविका शामिल थी। छात्राओं ने महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा व स्टॉफ और छात्राओं को रेड रिबन लगाकर जागरूकता का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने एड्स व रक्तदान विषय पर पोस्टर, निबंध, कविता व स्लोगन के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाया।

इस मौके पर जिला रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी, जिला संगठक रासेयो डॉ. राजेश बकोरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने रक्तदान विषय पर वेबिनार आयोजित किया।

I

कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in
वेव. : www.ggcsehore.in/

# // प्रेस विज्ञप्ति //
## मद्य निषेध संकल्प दिवस 30 जनवरी 2021

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर दिनांक 30 जनवरी 2021 को मद्य निषेध दिवस का आयोजन महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ओर राष्ट्रीय सेवा योजनना के सम्मिलित तत्वावधान में किया गया। मद्य निषेध दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में शपथ ग्रहण का आयोजन कर, ***"मद्य निषेध संकल्प पत्र और शपथ"*** पत्रों को भरवाया गया।

महाविद्यालय में छात्राओं को मद्य निषेध विषय पर निबंध लिखने के लिये प्रेरित किया गया। ऑनलाइन बेवीनार के माध्यम से छात्राओं को मद्य निषेध विषय पर आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। तथा उन्हे इस बात के लिए प्रेरक के रूप में अपने आस–पास के लोगों में मद्यपान की बुराईयां और समस्याओं से अवगत कराने के लिए, ***"संकल्प तथा शपथ"*** पत्रों को भरवान के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई।






शपथ में महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी, श्री रामविकास प्रजापति, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जी.एल.जैन के अलावा वरिष्ठ प्राध्यापक एवं रा.से.यो. प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री तथा महाविद्यालय के अन्य सहायक प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।



4





भोपाल, मंगलवार 16 मार्च 2021
haribhoomi.com

# अपराधों को जगरूकता से रोकना आवश्यक है: डॉ. सुमन तनेजा

## बाल संरक्षण क्लब की प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर

गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में बाल संरक्षण क्लब के तहत व्याख्यान और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने छात्राओं को शिक्षा के अतिरिक्त सामाजिक कार्यों के प्रति रुचि एवं उत्साह के लिए बधाई देते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के युग के कुछ सामाजिक अपराध जैसे बालविवाह, अशिक्षा, बलात्कार आदि को जागरूकता के माध्यम से रोकना अति आवश्यक है और छात्राओं का इस क्षेत्र में यह सराहनीय कदम है। जिला संगठन रासेयो एवं डॉ. राजेश बकोरिया और आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. जया शर्मा ने भी छात्राओं को बाल संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। बाल संरक्षण क्लब की अध्यक्ष अनुष्का राय ने पीपीटी के माध्यम से सभी छात्राओं को बाल अपराध, बालविवाह, भिक्षावृत्ति, गुड और बैड टच, यौन शोषण आदि को विस्तृत रूप से बताया। साथ ही छात्राओं से अपने आसपास हो रहे अपराधों की जरा सी भी जानकारी होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचित करने का अनुरोध किया। अनुष्का राय और टीम ने बाल विवाह विषय पर नुक्कड़ नाटक भी माता मंदिर परिसर में किया। बाल संरक्षण क्लब द्वारा आयोजित रंगोली, पोस्टर, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक आदि प्रतियोगिताओं के लिए समस्त प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार तथा प्रमाण पत्रों का वितरण अतिथियों ने किया। अनुष्का राय को बाल संरक्षण में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए विशेष रूप से प्राचार्य तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने सम्मानित किया गया।



समस्त कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अनुष्का राय, अंजली राय, पूजा सेन, आरती ठाकुर, मंजू मेवाड़ा, वर्षा गौर, आयुषी गुप्ता, पूजा कुशवाहा, दीपा दांगी, दीपिका सेन का सहयोग रहा।

I

नवदुनिया | 13
भोपाल, मंगलवार 16 मार्च, 2021

आयोजन — बालसंरक्षण क्लब की प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण

# 'सामाजिक अपराध जागरुकता के माध्यम से ही रोके जा सकते हैं'

सीहोर (नवदुनिया प्रतिनिधि)। शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में बाल संरक्षण क्लब के तहत एक व्याख्यान व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने छात्राओं को शिक्षा के अतिरिक्त सामाजिक कार्यों के प्रति रुचि व उत्साह के लिए बधाई देते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के युग के कुछ सामाजिक अपराध जैसे बालविवाह, अशिक्षा, बलात्कार आदि को जागरुकता के माध्यम से रोकना अति आवश्यक है और छात्राओं का इस क्षेत्र में यह सराहनीय कदम है।

जिला संगठन रासेयो व डॉ. राजेश बकोरिया व आईक्यूएससी प्रभारी डॉ. जया शर्मा ने भी छात्राओं को बाल संरक्षण के लिए जागरुकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। बाल संरक्षण क्लब की अध्यक्ष कुमारी अनुष्का राय ने पीपीटी के माध्यम से सभी छात्राओं को बाल अपराध, बालविवाह, भिक्षावृत्ति, गुड टच, बैड टच, यौन शोषण आदि को विस्तृत रूप से बताया गया तथा छात्राओं से अपने अपने आसपास हो रहे अपराधों की जरा सी भी जानकारी होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचित करने का अनुरोध किया गया। अनुष्का राय व टीम द्वारा बाल विवाह विषय पर नुक्कड़ नाटक भी माता मंदिर परिसर में किया गया जिसे सभी ने सराहा गया। इसी अवसर पर पुष्पेंद्र त्रिपाठी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, शिवम सक्सेना सहायक प्राध्यापक गणित व राम विकास प्रजापति सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान द्वारा भी छात्राओं को बाल अधिकारों के साथ-साथ शिक्षावृत्ति, पोस्को एक्ट की जानकारी देते हुए छात्राओं को बच्चों के हित व कल्याण के लिए कार्य करने व जागरुकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। बाल संरक्षण क्लब द्वारा आयोजित रंगोली, पोस्टर, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक आदि प्रतियोगिताओं के लिए समस्त प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार तथा प्रमाण पत्रों का वितरण सभी सम्मानीय अतिथियों द्वारा किया गया।



प्रतियोगिता में शामिल छात्र। ● नवदुनिया

## अनुष्का राय को सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए किया सम्मानित

अनुष्का राय को बाल संरक्षण में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए विशेष रूप से प्राचार्य मैडम तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने सम्मानित किया। समस्त कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ तथा संपूर्ण कार्यक्रम में कुमारी अनुष्का राय, अंजली राय, पूजा सेन, आरती ठाकुर, मंजु मेवाड़ा, वर्षा गौर, आयुषी गुप्ता, पूजा कुशवाहा, दीपा दांगी, दीपिका सेन, राधिका विश्वकर्मा, अंजलि विश्वकर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा। छात्राओं के इस प्रशंसनीय कार्य को सभी के द्वारा सराहा गया।

I



## बाल अधिकार और बाल संरक्षण की दी जानकारी

# हमें अपने बच्चों को लेकर रहना होगा सचेत, तभी रुक सकते हैं अपराध

**बाल अपराध में इजाफे का कारण हमारी नासमझी और लापरवाही है। अगर हम अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए पहले से ही सचेत रहें तो हादसों में कमी आ सकती है। इससे बाल अपराध और बाल शोषण भी रुकेगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नसरुल्लागंज

शासकीय महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा बाल संरक्षण सप्ताह के समापन पर बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण विषय पर केंद्रित वेबिनार का आयोजन किया। वेबनार में आवाज संस्था निदेशक प्रशांत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहें। उन्होने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। बताया कि किस प्रकार लोगों को बच्चों के अधिकारों से अवगत कराएं।

### कैसे हो बच्चों का संरक्षण

बाल संरक्षण की आवश्यकता क्यों हैं, तथा बच्चों का संरक्षण कैसे किया जा सकता है। इस अभियान में एनएसएस स्वयंसेवकों की भागीदारी को भी उन्होंने रेखांकित किया। साथ ही उन्हें अपने आसपास रहने वाले बच्चों के प्रति सचेत रहने के लिए कहा। हमें अपने दायित्व के प्रति जागरूक रहते हुए अपनी कॉलोनी अपने आसपास रह रहे बच्चों को यह सीख देने के लिए कहा कि किसी अजनबी के साथ खाने पीने की चीज के लालच में बच्चे ना जाएं।

### सामाजिक चेतना पर दिया जोर

महाविद्यालय में रसायन शास्त्र की अतिथि विद्वान डॉ. प्रिया शर्मा ने बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए सामाजिक चेतना पर जोर दिया। वेबनार का संचालन भारत एस हरियाले, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने किया। आभार सुश्री पद्मा पटेल, सहा प्राध्यापक राजनीति शास्त्र ने किया। वेबनार में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं वेबिनार के अध्यक्ष डॉ एसएस मीना ने सम्मिलित होकर रासेयो स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

हरिभूमि

### आयोजन में रहे शामिल

सभी को मानव धर्म के पालन करने का आवाहन किया। वेबनार के आयोजन में वरिष्ठ स्वयंसेवक मानसिंह चिचिडे, सूरज मालवीय, भूपेंद्र ढोके, अनीता कर्मा, सरिता मंडलेकर, सुजित, शांतिलाल पैठे, आयुषी यादव, अंकिता वर्मा, ओमप्रकाश मेहरा स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका अदा की।



सीहोर। बाल संरक्षण के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बालक बालिकाएं।





### बाल संरक्षण सप्ताह का आयोजन

सीहोर। शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में बाल संरक्षण क्लब द्वारा बाल संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें सप्ताह भर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम क्लब की अध्यक्ष अनुष्का राय द्वारा ब्रह्मपुरी स्थित आंगनबाड़ी में जाकर वहाँ के बच्चों को बाल संरक्षण अधिकार, बाल लैंगिक शोषण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा उनको गुड टच और बेड टच के बारे में भी बताया गया। इसी के अन्तर्गत बाल संरक्षण विषय पर एक वेबीनार का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजरी अग्निहोत्री एवं जिला संगठक डॉ राजेश बकोरिया द्वारा किया गया जिसमें छात्राओं को 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों पर होने वाले अपराध, भिक्षावृत्ति को रोकने का प्रयास, बाल विवाह, बालश्रम आदि की जानकारी देते हुए उनसे शपथ भी ग्रहण करायी गयी।

हेल्पलाइन नं. 1098 पर किसी भी तरह के शोषण की सूचना देने को भी कहा। छात्राओं को पास्को एक्ट के बारे में भी बताया। अनुष्का राय के मार्गदर्शन में बाल विवाह व बाल मजदूरी को रोकने के लिए इन्द्रानगर सीहोर में मरी माता मंदिर के प्रांगण में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता अभियान चलाया। इसमें अंजली राय, योजना चैरसिया, पूजा, वर्षा, दीपिका, सोनम व एनसीसी कैडेट मोनिका नामदेव ने महत्वपूर्ण भूमिका की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रमति राय, पायल मालवीय मौजूद रही।

दैनिक भास्कर
